# विषय—व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं वाणिज्यिक भूगोल

**Set-A**

**नोट :** सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक के लिए 1 अंक आबंटित है।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) "मजदूरी के बदले अनाज लेना" एक उदाहरण है :

(अ) वस्तु विनिमय का (ब) प्रत्यक्ष विनिमय का

(स) मुद्रा विनिमय का (द) इनमें से किसी का भी नहीं

(ii) आर्थिक लगान का विचार किसने प्रस्तुत किया ?

(अ) प्रो. मार्शल (ब) प्रो. रिकार्डो

(स) प्रो. कॉर्वर (द) प्रो. रॉबिन्सन

(iii) नकद मजदूरी के साथ प्राप्त होने वाली सुविधाओं का योग, जो मजदूरों को कार्य के बाद दिया जाता है, कहलाता है :

(अ) वास्तविक आय (ब) नकद आय

(स) वास्तविक मजदूरी (द) नकद मजदूरी

(iv) बजट की अवधि होती है :

(अ) 1 वर्ष (ब) 2 वर्ष

(स) 3 वर्ष (द) 4 वर्ष

(v) भारत में योजना आयोग की स्थापना कब की गई ?

(अ) 15 मार्च, 1950 (ब) 15 मार्च, 1951

(स) 1 मार्च, 1950 (द) 1 अप्रैल, 1950

1. **खण्ड (ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) वस्तु विनिमय की कमी को .................. से रोका जा सकता है।

(ii) अधिसीमान्त भूमि एवं सीमान्त भूमि के अन्तर को .................. लगान कहते हैं।

(iii) हमारे देश में रेल बजट .................. द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

(iv) कर .................. द्वारा दिए जाते हैं।

(v) आर्थिक नियोजन एक .................. प्रक्रिया है जिसमें एक के बाद एक अनेक योजनाएँ निरन्तर चलती रहती हैं।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)

2. राष्ट्रीय बाजार क्या है ?
3. आपूर्ति मूल्य किसे कहते हैं ?
4. आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि क्या थी ?
5. सह-सम्बन्ध कितने प्रकार के होते हैं ?
6. चतुर्थक विचलन के कोई **दो** गुण लिखिए।
7. 'गैट समझौता' क्या है ? समझाइए।
8. "सेल' क्या है ?
9. भारत में नहरों द्वारा सिंचाई के **दो** प्रमुख लाभ बताइए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

10. आर्थिक लगान एवं ठेका लगान में कोई **तीन** अन्तर लिखिए।
11. बाजार मूल्य की कोई **तीन** विशेषताएँ लिखिए।
12. बजट की विशेषताएँ लिखिए। (कोई **तीन**)
13. 'माध्य विचलन' की परिभाषा दीजिए।
14. जूट को सोने का रेशा क्यों कहा जाता है ?
15. भारतीय सूती वस्त्र उद्योग की तीन समस्याएँ लिखिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)

16. "घाटे का बजट अच्छा बजट माना जाता है।" समझाइए।

**अथवा**

कर अपवंचन रोकने के कोई **चार** उपाय बताइए।

17. कुल लाभ तथा वास्तविक लाभ में कोई **चार** अंतर लिखिए।

**अथवा**

कुल ब्याज तथा वास्तविक ब्याज में कोई **चार** अंतर लिखिए।

18. धनात्मक तथा ऋणात्मक सह-सम्बन्ध के भेद बताइए।

**अथवा**

एक व्यवसायी के लिए सह-सम्बन्ध की उपयोगिता बताइए।

19. निम्न आँकड़ों से स्पियरमैन का कोटि अन्तर सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए :

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| x | : | 4 | 6 | 8 | 10 | 12 | 14 | 16 | 18 |
| y | : | 10 | 15 | 20 | 25 | 30 | 35 | 40 | 45 |

bje

निम्न आँकड़ों से कार्ल पियर्सन का सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| x | : | 12 | 4 | 20 | 8 | 16 |
| y | : | 8 | 12 | 20 | 4 | 16 |

20. "भारतीय कृषि मानसून का जुआ है।" समझाइए।

**अथवा**

"हिमालय भारत के लिए वरदान है।" स्पष्ट कीजिए।

21. "गैट समझौता' के कोई **चार** उद्देश्य लिखिए।

**अथवा**

आर्थिक उदारीकरण की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है)

22. निम्न आँकड़ों से प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए :

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| आकार | : | 15 | 20 | 25 | 24 | 20 | 21 | 22 | 22 | 18 | 17 | 16 |

**अथवा**

निम्न आँकड़ों से प्रमाप विचलन ज्ञात कीजिए :

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पद मूल्य | : | 5 | 10 | 15 | 20 | 25 | 30 | 35 |
| आवृत्ति | : | 2 | 7 | 11 | 15 | 10 | 4 | 1 |

23. पूर्ण प्रतियोगिता एवं अपूर्ण प्रतियोगिता में कोई **पाँच** अन्तर लिखिए।

**अथवा**

सामान्य मूल्य तथा बाजार मूल्य में कोई **पाँच** अन्तर बताइए।

24. लोहा और इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

भिलाई में इस्पात कारखाने की स्थापना के कारण बताइए।

25. "नहरें सिंचाई के उत्तम साधन हैं।" समझाइए।

**अथवा**

"भारत में उत्तर की अपेक्षा दक्षिण में नहरें कम हैं।" क्यों ?

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 250 शब्द है)

26. आर्थिक नियोजन के उद्देश्यों को समझाइए।

**अथवा**

आर्थिक नियोजन के लाभों को समझाइए।

27. विनिमय का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा इसके लक्षण बताइए।

**अथवा**

अर्थशास्त्र में बाजार का अर्थ बताइए तथा इसकी विशेषताएँ बताइए।